तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

11 ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंचा हिरमी, हुआ भव्य स्वागत



12 प्रदेश स्तरीय प्रतिभावान छात्रों में लोकराज...





शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% | सतीश रॉय 96.3% | वसुंधरा 96.1% | तुषार 95.3% | तनु साहू 94.6% | हिमानी 94.5% | मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% | सायरा चतुर्वेदी 91.8% | कृषिका फेकर 91% | पायल साहू 91% | वंदना देवांगन 90.8% | कनिष्का यादव 90.8% | माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप



### बकरीद पर मांगी देश एवं प्रदेश के लिए अमन चैन की दुआ

**सिमगा।** ईद उल अजहा बकरीद का पर्व नगर में उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लिए यह एक त्यौहार ही नहीं है बल्कि यह पर्व त्याग और समर्पण का प्रतीक है, जो एक ऐतिहासिक कहानी से संबंधित है। ईद-उल-अजहा की कहानी पैगंबर हज़रत इब्राहीम से जुड़ी है, जिसमें वे अल्लाह के आदेश पर अपने प्रिय बेटे हज़रत इस्माईल की कुर्बानी देने को तैयार हो गए थे, लेकिन, खुदा ने उन्हें एक जानवर दे दिया। इसलिए इस दिन एक बकरी, भेड़ या अन्य जानवर की कुर्बानी दी जाती है। बकरीद पर सबसे अहम रस्म होती है 'कुर्बानी'। इस दिन गरीबों व जरूरत मंदों की मदद की जाती है। वहीं बच्चे एवं बड़े नये वस्त्र तथा परिधान धारण कर बड़े उत्साह के साथ बकरीद का त्यौहार मनाए। नगर में सुबह से मुस्लिम धर्मा लंबियों द्वारा जामा मस्जिद में एकत्र हो कर जुलूस की शक्ल में बिलासपुर रोड स्थित ईदगाह मैदान में ईद उल अजहा का नमाज अदा किया गया। तत्पशचात एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी और देश एवं प्रदेश के अमन चैन की दुआ मांगी गयी।

### गुपचुप बेचने वाले से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गुपचुप बेचने वाले से हुई मारपीट की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस ने दर्ज की है। प्रार्थी



भोलाराम देवांगन निवासी वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा ने बताया कि वह गांधी चौक महासमुंद में गुपचुप बेचने का काम करता है। 7 जून को भी उसने वहां गुपचुप ठेला लगाया था, रात्रि करीब 8 बजे उसके गुपचुप ठेले के पास पप्पू धीवर नाम का व्यक्ति आया और पानी पुरी मांगा, जिसे उसने देने की बात कही। लेकिन, आरोपी ने जल्दी नहीं दे रहे हो कहते गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**नीति : तबादला के लिए 13 जून तक स्वीकार किये जायेंगे आवेदन**

# जिले में 14 से 25 तक होंगे स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के लिए सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है जिसके अनुसार 6 से 13 जून तक आवेदन स्वीकार और 14 से 25 जून तक स्थानांतरण किए जाएंगे।

जारी पत्र के अनुसार, राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी स्थानांतरण नीति को अधिक्रमित करते हुए स्थानातरण नीति 2025 प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यह स्थानांतरण नीति गृह (पुलिस) विभाग, आबकारी विभाग, खनिज साधन विभाग, परिवहन विभाग, वाणिज्यकर विभाग, पंजीयन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकीय कार्य में पदस्थ शिक्षकगणों तथा राज्य के निगम, मण्डल, आयोगों एवं स्वायत्त संस्थाओं पर लागू नहीं होंगे।

जिला स्तर पर स्थानांतरण- 14 से 25 जून तक जिला स्तर पर तृतीय श्रेणी (गैर-कार्यपालिक) तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जिला कलेक्टर द्वारा किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु 13 जून तक संबंधित विभाग के जिला कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे।

कलेक्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण किये जाने वाले पद जिला संवर्ग का है तो उनका तबादला जिले के अंदर ही हो तथा स्थानांतरण आदेश तद्नुसार प्रसारित होंगे। विभाग के जिला कार्यालय प्रमुख द्वारा स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार कर जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत उस पर जिले के प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाकर स्थानांतरण आदेश जारी किया जाएगा। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के मामलों में उनके संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के मामलों में अधिकतम 15 तक स्थानांतरण किये जा सकेंगे। परस्पर सहमति से स्वयं के व्यय पर किये गए स्थानांतरणों की गणना उक्त सीमा हेतु नहीं की जाएगी। परस्पर सहमति से स्थानांतरण हेतु दोनों आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित होना आवश्यक है। स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण हेतु व्यक्तिगत रूप से किये गए आवेदन पर किया गया कोई भी स्थानांतरण परस्पर सहमति से किये गए स्थानांतरण की श्रेणी में नहीं आएगा।

ऐसे शासकीय सेवक जो एक ही स्थान पर दो या उससे अधिक कालावधि से पदस्थ हो परस्पर सहमति हेतु उन्हीं के आवेदन स्थानांतरण हेतु प्रस्तावित किये जाएंगे। परस्पर सहमति के आधार पर स्थानांतरण भी दो वर्ष या उससे अधिक कालावधि से पदस्थ शासकीय सेवकों के लिए लागू होगा।




### स्थानांतरण नीति 2025

परीविक्षाधीन अधिकारी, कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। राज्य स्तर के समस्त स्थानांतरण आदेश निर्धारित समयावधि में ईऑफिस के माध्यम से ही निर्धारित समयावधि में जारी किये जाएंगे।जिला स्तर पर निर्धारित समयावधि में स्थानांतरण आदेश जारी कर जारी तिथि को ही उक्त स्थानातरण आदेश की प्रति सामान्य प्रशासन विभाग के ई-मेल आई डी पर प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।

### विशेष उपबंध छूट

प्रतिनियुक्ति से वापस आने पर विभाग के अधीन की जाने वाली पदस्थापना, किसी विभाग के शासकीय सेवक (प्रथम श्रेणी अधिकारियों के मामले को छोड़कर) की सेवाओं को अन्य विभाग, संस्था में प्रतिनियुक्ति या डिप्लॉमेंट (एक्स कैडर पदस्थापना) पर सौपा जाना, यदि दोनो विभाग इसके लिए सहमत हो, लोक सेवा आयोग से अथवा चयन समिति द्वारा चयनित नई नियुक्ति से संबंधित उम्मीदवारों की रिक्त पदो पर पदस्थापना, न्यायालय के निर्देश, निर्णय के पालन में स्थानांतरण कर पदस्थापना करना, पदोन्नति के फलस्वरूप पदस्थापना, एक ही स्थान (शहर) में एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में पदस्थापना शामिल है।

### राज्य स्तर पर स्थानांतरण नियम

- 14 से 25 जून तक राज्य स्तर पर विभाग द्वारा स्थानांतरण किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु आवेदन 13 जून तक संबंधित विभाग में प्राप्त किये जायेंगे। स्थानांतरण, विभाग के विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही किये जा सकेंगे। विभागों का यह दायित्व होगा कि यदि अनुसूचित क्षेत्रों के शासकीय सेवक का गैर-अनुसूचित क्षेत्र में स्थानातरण करने के प्रस्ताव है तो उसके एवजीदार का भी प्रस्ताव (जो गैर-अनुसूचित क्षेत्र से हो) अनिवार्यतः रखा जाए। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्तियों का जो असंतुलन है, ▸▸ शेष पेज 11 पर

### 25 जून के बाद स्थानांतरण पर प्रतिबंध

25 जून के पश्चात स्थानांतरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, किन्तु अत्यंत आवश्यक परिरिस्थति में प्रतिबंध अवधि में समन्वय में अनुमोदन उपरांत ही स्थानांतरण किया जा सकेगा। समन्वय में आदेश प्राप्त करने हेतु जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा, उसमें संबंधित विभाग तथा प्रस्तावित होने वाले शासकीय सेवकों के संबंध में संलग्न प्रपत्र में जानकारी दी जाएगी तथा प्रस्ताव में इस बात का आवश्यक रूप से उल्लेख किया जाएगा कि प्रदेश में प्रश्नाधीन श्रेणी के कुल कितने शासकीय सेवक पदस्थ हैं और प्रस्तावित स्थानांतरण को सम्मिलित करते हुए कुल कितने स्थानांतरण अब तक हो चुके हैं तथा उसका प्रतिशत कितना है।

# 140 लीटर शराब और 21 उपकरण जब्त, 5 गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समाधान सेल की टीम ने ग्राम खैरी में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, बिक्री करते हुए 5 आरोपियों को रंगे हाथों किया गिरफ्तार। आरोपियों से 16,800 कीमत मूल्य का 140 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। साथ ही महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त 21 बर्तन (बांगा), 10 जेरीकेन को भी जब्त किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैरी में घेराबंदी कर शुध्दि अभियान चलाते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, उसे बिक्री करने वाले 5 आरोपी ग्राम खैरी के 30 वर्षीय संतकुमार डहरिया, 34 वर्षीय उमेंद बघेल, 35 वर्षीय उदय राम रात्रे, 22 वर्षीय प्रदीप कुर्रे और ग्राम जोराडबरी निवासी 40 वर्षीय संतोष ध्रुव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शराब कोचियों से 16,800 कीमत मूल्य कुल 140 लीटर महुआ शराब एवं अवैध महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त 21 नग बर्तन (बांगा), 10 जेरीकेन जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया है।

■ समाधान सेल में प्राप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

# नशे में ड्राइविंग, 6 गिरफ्तार और वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

यातायात पुलिस ने शनिवार को चेकिंग अभियान में अलग-अलग टीमों द्वारा भारी वाहन, चारपहिया एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की। जांच में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई, जहां उनके जब्त वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। विदित हो कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग ▸▸ शेष पेज 11 पर

### नशेड़ी वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



**पलारी।** यातायात बलौदाबाजार और पलारी पुलिस की संयुक्त टीम ने घोटिया चौक में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया, जिसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। शराब सेवन कर वाहन चला रहे चालकों पर श्वास विश्लेषक यंत्र (सांस जांच उपकरण) से जांच कर नियम के अनुसार चालान और कानूनी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें, पुलिस द्वारा आगे भी ऐसे जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाने की बात कही गई है।

# चोरी व माल छिपाने के आरोप में 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी जैसे वरदात कम नहीं हो रही है। इस पर अंकुश लगाते हुए नवपदस्थ थाना प्रभारी वीणा यादव द्वारा धारा 303(2) बीएनएस चोरी के प्रकरणों के अज्ञात आरोपियों का पता तलाश कर धर पकड़ करने थाना स्तर पर टीम गठित की गई।

मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम पंचायत चिकनीडीह का दावेद केंवट, महेश्वर चंद्रा की मोटर साइकिल को बेचने के लिए ग्राम धोबनी के अनुराग साहू के पास गए है।

इस सूचना पर नवपदस्थ थाना प्रभारी वीणा यादव थाना स्टाफ एवं गवाहों को साथ लेकर ग्राम धोबनी चौकी बेलदुला के अनुराग साहू के घर जाकर रेड की और दावेद, महेश्वर अनुराग को पकड़ा। अनुराग साहू से पूछताछ करने पर चोरी किए सामानों को अपने पास रखना स्वीकार किया। साथ ही तीनों पकड़े गए आरोपियों का मेमोरेंडम में बताएं कि चोरी किए सभी सामानों को ग्राम रायकोना के मणिकांत साहू के पास रखें है। और मणिकांत साहू को उसके घर जाकर पकड़कर उसका मेमोरेंडम लेने पर मोटरसाइकिल, सबमर्सिबल पंप, 3 नग बैटरी को अपने पास रखना स्वीकार किया और अपने घर के अंदर से निकालकर चोरी किए मोटरसाइकिल बजाज पल्सर एवं एक पुराना सबमर्सिबल पंप और तीन नग बैटरी जुमला कीमती लगभग 80 हजार को मणिकांत साहू से बरामद कर जब्ती बनाई गई। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा का घटित करने का पर्याप्त साबूत पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।



**चावल में हेराफेरी करने की शिकायत पंचों ने कलेक्टर जनदर्शन में की थी**

# राशन दुकान पहुंची जांच टीम, 678.42 क्विंटल चावल कम पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

ग्राम पंचायत कटगी व खैरा (क) में जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल एक साथ वितरण किया जाना है। जिनमें कटगी के उचित मुल्य दुकान में चावल की हेराफेरी की शिकायत यहां के पंचों ने कलेक्टर जनदर्शन में किये थे। जिसका भौतिक सत्यापन के लिए जांच टीम शुक्रवार को प्राथमिक साख सेवा समिति कटगी पहुंची, जहां अध्यक्ष संतोष कश्यप और समिति प्रबंधक दीपक वर्मा समेत कटगी व खैरा (क) सेल्समैन रामस्वरूप यादव और कटगी पंचों की मौजूदगी में जांच की गई।

कटगी और खैरा (क) के उचित मूल्य दुकान में भी भौतिक सत्यापन किया गया। इसके के बाद पंचों ने पंचनामा तैयार किया है। पंचनामा में लिखा गया है कि विक्रेता रामस्वरूप यादव ने बताया कि जून में वितरित खाद्यान्न को अंगूठा लगाकर आनलाईन के माध्यम से चढ़ाया गया है, परन्तु भौतिक रुप से उस खाद्यान्न को वितरित नहीं किया गया है। इस प्रकार उचित मूल्य की दुकान में 678.85 क्विंटल की कमी पाई गई।

पंचों ने बताया कि सेल्समैन को जैसे ही कार्रवाई की भनक लगी तो खैरा (क) में भंडारित चावल को कटगी में खपाने की कोशिश की गई, इसके बाद भी कटगी उचित मूल्य दुकान में 105.42 क्विंटल चावल की कमी पाई गई। वहीं खैरा ( क) में करीब लगभग 573 क्विंटल चावल की कमी पाई गई। इस प्रकार 678 क्विंटल चावल की चोरी पकड़ी गई है।



### इस प्रकार पकड़ी गई चावल की चोरी

जांच टीम ने पंचों के समक्ष उचित मुल्य दुकान का निरीक्षण किया, जिसमें चावल 678.42 क्विंटल की कमी पाई गई। विक्रेता सेल्समैन रामस्वरूप यादव ने मौके पर बताया कि उचित मुल्य दुकान खैरा में अभी लगभग 50 क्विंटल चावल उपलब्ध है, जबकि अभी जून, जुलाई तथा अगस्त माह का वितरण के लिए कटगी उचित मुल्य दुकान में 105.42 क्विंटल चावल कमी पायी है और लगभग 573 क्विंटल चावल खैरा उचित मुल्य दुकान में कमी है। इस प्रकार उचित मूल्य दुकान संकलनकर्ता प्राथमिक साख सेवा समिति कटगी में 678.42 किवंटल चावल की कमी पायी गई।

### सरकारी रिकॉर्ड में आनलाइन चढ़ाया गया

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं से अंगूठा का निशान लिया गया है। सरकारी रिकॉर्ड में आनलाईन चढ़ाया गया है लेकिन चावल उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पाया। सेल्समैन की भ्रष्टाचार की भनक लगते ही कटगी पंचायत के पंच हरकत में आये और कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत की। इसके बाद चावल की चोरी पकड़ी गई। अब देखना होगा की सेल्समैन पर जांच टीम क्या कार्रवाई करती है।

# गाली-गलौज कर गंभीर चोट पहुंचाया, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




ग्राम खम्हरिया यदु में पुरानी रंजिश पर जान से मारने की नीयत से प्राण घातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों ने पीड़ित के सिर पर शराब की बोतल से हमला कर चोंट पहुंचायी है।

रूपेश यादव निवासी ग्राम खम्हरिया यदु ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जून को वह अपने पिता के साथ घर वापस आ रहा था, कि रात करीबन 8.30 बजे ग्राम के गौठान रंगमंच के पास आरोपियों द्वारा पूर्व में हुए झगड़ा विवाद को लेकर रंजीशवश प्रार्थी को गंदी-गंदी गाली गलौज दिया और सिर पर शराब की बोतल से हमला किया, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटे आई हैं। इस रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 109(1), 296, 351(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल आरोपी ग्राम खम्हरिया यदु निवासी 21 वर्षीय समीर सोनवानी और 25 वर्षीय देवप्रकाश को हिरासत में लिया, जहां पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पूर्व रंजीश की बात को लेकर एक राय होते हुए गाली गलौज ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### रायपुर-बिलासपुर में नए कोरोना केस, एक्टिव 41



**रायपुर।** अवकाश के दिन कम सैंपल की जांच के बाद भी रायपुर और बिलासपुर में कोरोना का एक-एक केस सामने आया है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 41 हो गई है। इसमें 37 का उपचार होम आइसोलेशन में किया जा रहा है और चार मरीज दूसरी बीमारियों की वजह से अस्पताल में भर्ती हैं। प्रदेश में कोरोना के मामले अभी कम हैं, मगर इसलिए विभागीय स्तर पर इसे लेकर अधिक सतर्कता नहीं बरती जा रही है। इसके अलावा सावधानी को लेकर भी अभी कोई विशेष गाइडलाइन जारी नहीं की गई है।

### एक्सपायर एवं अप्रयुक्त दवाओं के निपटान पर जारी निर्देश का स्वागत

**रायपुर।** रायपुर डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने एक्सपायर हो चुकी और अप्रयुक्त दवाओं के सुरक्षित निपटान पर सीडीएससीओ द्वारा हाल ही में जारी दिशा-निर्देशों का स्वागत किया है। साथ ही यह भी तर्क दिया गया है कि इन नियमों और निर्देशों को लागू करने में खुदरा विक्रेताओं को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आरडीसीडीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने कहा कि ये चुनौतियां इन्वेंट्री प्रबंधन, अनुपालन, लाभप्रदता और सार्वजनिक स्वास्थ्य जिम्मेदारियों को प्रभावित करती हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, हमें स्ट्रिप कटिंग पर स्पष्टता की आवश्यकता है। यहां आंशिक रूप से बेची गई स्ट्रिप्स की प्रतिपूर्ति के लिए एक मानकीकृत नीति की आवश्यकता है। दूसरा 30-दिन की वापसी समयसीमा है। इसे एक्सपायर रिटर्न के लिए 150 दिनों के उद्योग अभ्यास के साथ संरेखित किया जाना चाहिए या 90-150 दिनों की लचीली अवधि प्रदान करनी चाहिए। तीसरा बैच नंबर बेमेल है। सीडीएससीओ के नए दिशा निर्देश विशेष रूप से उपभोक्ता सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से केंद्रित है। दवा वापसी कार्यक्रमों और कुछ उच्च जोखिम वाली दवाओं को फ्लश करने के प्रावधानों को शामिल करना दुरुपयोग और पर्यावरण प्रदूषण के जोखिम को कम करने के लिए सरकार की मंशा को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नेताम से की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाजसेवी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम से सौजन्य मुलाकात की। श्री नेताम को हाल ही में संघ मुख्यालय के प्रतिष्ठित आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने गौरव की बात बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऐसे आयोजन समाजों को और अधिक नजदीक लाने में सहायक होते हैं और जन-जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी प्रोत्साहित करते हैं। भेंट के दौरान श्री नेताम ने बताया कि अपने उद्बोधन में उन्होंने मतांतरण, विकास, पर्यावरण आदि जन सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विमर्श किया, जो समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

### एम्स और आयुष विवि के बीच शोध पर एमओयू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा वितरण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के एमओयू हुआ है। एम्स की ओर से कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल और आयुष विवि से कुलपति प्रो. पीके पात्रा तथा कुलसचिव डॉ. दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस साझेदारी का उद्देश्य फैकल्टी एक्सचेंज, संयुक्त शोध परियोजनाएं, कौशल विकास कार्यक्रम, एकीकृत शिक्षण मॉड्यूल, और शैक्षणिक संसाधनों एवं अधोसंरचना के साझाकरण जैसे क्षेत्रों में अंतर-संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देना है। विशेष रूप से आयुष आधारित एकीकृत चिकित्सीय पद्धतियों, सामुदायिक आउटरीच और बहुविषयक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# एक लाख आबादी में दस फीसदी तक ब्रेन ट्यूमर के मरीज, साधारण सिरदर्द से मानसिक बदलाव जैसे होते हैं लक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साधारण सिरदर्द अगर लंबे समय तक परेशान कर रहा हो अथवा उसकी वजह से उल्टी और मानसिक स्थिति में बदलाव होने लगा हो, तो यह ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं। न्यूरो सर्जन की मदद से सीटी स्कैन और एमआरआई के जरिए सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज किया जा सकता है। जागरूकता की कमी की वजह से बीमारी की पहचान में देर गंभीर कैंसर का कारण बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ समेत देश में एक लाख आबादी के पीछे पांच से दस फीसदी ब्रेन ट्यूमर के मरीज पाये जाते हैं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) एवं डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में होने वाली ओपीडी में हर माह 20 फीसदी मरीज ब्रेन ट्यूमर से संबंधित होते हैं। चिकित्सकों के मुताबिक ब्रेन ट्यूमर होने की बड़ी वजह अब तक सामने नहीं आई है। इसका कारण जेनेटिक, रेडियोवेशन, इनवायरमेंट, पोषण या आहार में होने वाला असंतुलन भी हो सकता है। इसकी वजह से सिरदर्द, मानसिक स्थिति में बदलाव, उल्टी, कमजोरी, पैरालिसिस अटैक, मिर्गी जैसे दौरे, दृष्टि दोष, बोलने में कठिनाई, शारीरिक संतुलन नहीं बनने जैसी समस्या होती है। इन परेशानियों को नजर अंदाज कर मरीज चिकित्सकीय सलाह लेने में देर करता है, तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। इसीलिए इस बीमारी के प्रति गंभीर होना जरूरी है और लक्षणों के आधार पर न्यूरो सर्जन तक पहुंचना जरूरी है। चिकित्सकों के मुताबिक ब्रेन ट्यूमर के मामलों में 70 फीसदी मरीजों का इलाज सर्जिकल प्रक्रिया के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। शेष मामलों में ही सर्जरी के बाद कैंसर जैसी आशंका को दूर करने के लिए कीमो अथवा रेडियोथेरेपी का सहारा लेना पड़ता है।

**चिकित्सकों का कहना**



ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि कोई परेशानी लंबे समय से खत्म नहीं हो रही, तो न्यूरो सर्जन से संपर्क करना चाहिए। एम्स में सभी प्रकार के ब्रेन ट्यूमर के मामलों का उपचार किया जा रहा है। कई दुर्लभ केस भी आपरेशन के माध्यम से ठीक हुए हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग में ब्रेन ट्यूमर के उपचार के लिए आधुनिक तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

- **डॉ. अनिल कुमार शर्मा,** विभागाध्यक्ष, न्यूरो सर्जरी, एम्स



ब्रेन ट्यूमर की हर समस्या गंभीर नहीं होती। सही समय पर इसकी पहचान होने से सर्जरी के माध्यम से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कुछ ही मामलों में सर्जरी के बाद आगे इलाज की आवश्यकता होती है। इसके लक्षण को लेकर लोगों को सजग रहना आवश्यक है। आने वाले मरीजों को सर्जरी के माध्यम से इस बीमारी से निजात भी दिलाई जा रही है।

- **डॉ. राजीव साहू,** एचओडी, न्यूरो सर्जरी विभाग, डीकेएस हास्पिटल

**मस्तिष्क ट्यूमर के लक्षण**

- गंभीर सिरदर्द, दौरे, अस्पष्टीकृत मतली या उल्टी
- दृष्टि संबंधी समस्याएं
- हाथ या पैर में धीरे-धीरे संवेदना या गति का नुकसान
- संतुलन में कठिनाई, थकान, भ्रम और निर्णय लेने में परेशानी
- व्यक्तित्व या व्यवहार में परिवर्तन, सुनने और बोलने में कठिनाई

## एफएमजी डाक्टरों की सरकारी मेडिकल कालेजों में दिलचस्पी कांकेर की 118 सीटें खाली

**रायपुर।** दूसरे देशों से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे डाक्टरों ने अपने इंटर्नशिप के लिए सरकारी मेडिकल कालेजों में दिलचस्पी दिखाई है। पहले राउंड की काउंसिलिंग में रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, रायगढ़ और दुर्ग की सीटें फुल हो गई है। कांकेर में 118 सीटों के अलावा कोरबा, महासमुंद और जगदलपुर कालेज में 121 सीट बाकी है। इंटर्नशिप के लिए दो निजी कालेजों में एडमिशन जीरो हैं और तीन में दस लोगो के प्रवेश के पश्चात 162 सीट खाली है।

- इंटर्नशिप के लिए काउंसिलिंग, रायपुर, बिलासपुर, नांदगांव सहित 6 कालेज की सीटें फुल

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा फॉरेन मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने और एफएमजी टेस्ट पास करने वाले डाक्टरों को राज्य के निजी और शासकीय मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करने का मौका देती है। इसके लिए 15 कालेजों में कुल 870 सीट तय है जिसमें पहले राउंड में 219 लोगों का एडमिशन हो चुका है और 651 सीट बाकी है।

पहले दौर में राज्य के सभी बड़े मेडिकल कालेजों की सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अभी जगदलपुर में एक, कोरबा में 59, महासमुंद में 61 और कांकेर में 118 सीटों पर एडमिशन दिया जाना है। इसी तरह इस साल प्रारंभ हुए दो नये मेडिकल कालेज में एक भी एडमिशन नहीं हुआ है और तीन पुराने चिकित्सा महाविद्यालय में दस लोगों ने प्रवेश लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शेष सीटों में एडमिशन के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 9 से 16 जून तक आवेदन मंगाया गया है। एक साल के इस इंटर्नशिप के दौरान मेडिकल कालेजों में काफी संख्या में चिकित्सा अधिकारी मिलते हैं वहीं इन डाक्टरों को इसके बदले शिष्यवृति भी प्रदान की जाती है।

## नालियों में कचरा जाम, मानिटरिंग का सिस्टम ठप

# पॉश कालोनी पर फोकस, शहर में गंदगी की सफाई पर हर साल 60 करोड़ का खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पॉश कालोनियों में सफाई पर फोकस और शहर में गंदगी यह रोज का हाल है। शहर की सफाई और नाली से कचरा उठाने में नगर निगम सालाना 60 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी शहर का ये हाल है कि नालियों में कचरा जाम होने से सारी गंदगी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहती है। सफाई के लिए अनुबंधित कंपनी को नियम अनुसार लोगों के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में लेना है, पर कचरे की छंटाई किये बिना घरों व दुकानों का कचरा सीधे लैंडफिल साइट पर भेजा जा रहा है। सड़क और नाली सफाई का काम नगर निगम अपने नियमित सफाई कर्मचारियों से करवा रहा है। इसके एवज में हर महीने उन्हें 1.50 करोड़ रुपए का भुगतान करने के बाद भी नालियां जाम पड़ी हैं।

- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, परिवहन और निष्पादन के लिए रामकी को 3.50 करोड़ रुपए महीना

दरअसल, ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। दस जोन के 70 वार्ड में सफाई के नाम पर 60 करोड़ रुपए हर साल खर्च करने के बाद भी निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ नहीं बना पाया। 15 लाख की आबादी वाले रायपुर शहर में रोजाना 650 मीट्रिक टन कूड़ा करकट शहर से निकल रहा है।



**एकमुश्त वसूल रहा यूजर चार्ज**

यही नहीं, आउटर सहित शहर के कुछ अंदरूनी इलाके ऐसे हैं, जहां संकरी गलियों में गाड़ियां नहीं जा पातीं, वहां कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि नगर निगम इन सभी लोगों से कचरा कलेक्शन के एवज में सालभर का एकमुश्त यूजर चार्ज वसूल रहा है। हालात ये हैं कि जहां 5 गाड़ियों की जरूरत है, वहां 3 गाड़ियों से कूड़ा उठाया जा रहा है। नगर निगम जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड की बसाहट के हिसाब से वहां 5 कचरा गाड़ियों की जरूरत है, पर ठेका एजेंसी ने वहां केवल 3 गाड़ियां कचरा कलेक्शन के लिए लगा रखी हैं। संबंधित बस्तियों के लोगों ने जोन कमिश्नर और जेडएचओ से 5 गाड़ियों की व्यवस्था कराने एक नहीं, बल्कि कई बार ध्यान आकर्षित कराया, पर गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाइ गई। इसके कारण ओमनगर, सांई नगर, निखिल विहार इलाके में 2 दिन के अंतराल में लोगों के घरों से कचरा उठ रहा है। इसी तरह जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड में सफाई संसाधन की कमी होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित है। जन शिकायत के बाद भी नगर निगम का मानिटरिंग सिस्टम ठप पड़ा है। जोन के अधिकारी प्रभावित वार्डों में झांकने तक नहीं आते। शहर में नालियों की सफाई और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में खामियां उजागर होने के बाद भी जोन व मुख्यालय स्तर पर सफाई की प्रापर मानिटरिंग नहीं की जा रही है। निगम का फोकस सफाई कर्मचारियों की गिनती और उसमें खामी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना करने तक सिमट कर रह गया है।

## स्कूल शिक्षा विभाग सरकार को कर रहा गुमराह, अब पोल खोलने रैली



**रायपुर।** वर्तमान में प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण के तहत राज्य के एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। इस कार्यवाही का कोई भी शिक्षक संगठन विरोध नहीं कर रहा है। सर्व शिक्षक साझा मंच का विरोध युक्तियुक्तकरण के निर्देशों और प्रक्रिया में व्याप्त विसंगति को दूर करने के लिए है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों के हितों पर चोट हो रही है। पत्रकार वार्ता का मकसद हमारी चिंता और समस्याएं सरकार और जनता तक पहुंचाना है।

- सर्व शिक्षक साझा मंच ने पत्रकार वार्ता में कहा- सुझाव को किया दरकिनार

राजधानी में जुटे सभी शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि हम भी चाहते हैं कि शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर की जाए। इसके लिए हमने जो सुझाव दिए थे, उन्हें दरकिनार करके स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी सरकार ही नहीं, कलेक्टरों को भी गुमराह कर रहे हैं। यह बात वीरेन्द्र दुबे, केदार जैन, मनीष मिश्रा व विकास सिंह राजपूत ने कही। आगे बताया कि अगर युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो 10 जून को सभी जिले में शिक्षकों द्वारा सरकार और अधिकारियों की पोल खोलने के लिए रैली निकालने के बाद ज्ञापन देने की तैयारी है। इसके बाद भी अनदेखी की गई, तो 13 जून को ब्लाक और 16 को शाला प्रवेशोत्सव का शिक्षक बहिस्कार करेंगे।

## रेपो रेट में 0.50 फीसदी की कटौती से उद्योग एवं व्यापार को मिलेगी गति



**रायपुर।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा 6 जून को रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती के निर्णय का कैट ने स्वागत किया है। कैट के वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है, इस कदम से विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और व्यापारिक परिदृश्य को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत -2047 मिशन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आर्थिक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। अमर पारवानी ने बताया कि 3 दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद आरबीआई ने रेपो रेट को 6 फीसदी से घटाकर 5.50 फीसदी कर दिया है। यह लगातार तीसरी बार है, जब रेपो रेट में कटौती की गई है। वर्ष 2025 में अब तक 100 बेसिस पॉइंट यानी एक फीसदी की कुल कमी की जा चुकी है। अमर पारवानी ने बताया कि इसके मुख्य प्रभाव के रूप में होम लोन, ऑटो लोन एवं पर्सनल लोन सस्ते होंगे, जिससे आमजन की ईएमआई में सीधा लाभ मिलेगा। अभी तक कुल 1 फीसदी की कटौती करने से 2.50 लाख करोड़ रुपये सिस्टम में आयेगा।

**नेताम ने कहा** आरएसएस के अनुशासन से हुआ प्रभावित

## अरविंद नेताम ने की संघ की तारीफ, बैज से पूछी धर्मांतरण पर कांग्रेस की नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा है, आरएसएस राजनीतिक संगठन नहीं है, लेकिन वैचारिक चिंतन मंथन होता है। आरएसएस के अनुशासन से मैं प्रभावित हुआ हूं। आरएसएस की भाषा बोलने के बैज के बयान पर उन्होंने पीसीसी चीफ दीपक बैज से पूछा है कि धर्मांतरण को लेकर कांग्रेस की नीति क्या है बताएं? धर्मांतरण को लेकर संघ की नीति स्पष्ट है। श्री नेताम ने शनिवार को राजधानी के एक निजी हॉटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में ये बातें कही। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा संघ से उनका बहुत ज्यादा अट्रेक्शन नहीं रहा है। संघ प्रमुख मुझे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करेंगे, ऐसी मुझे उम्मीद नहीं थी। अपने 60 साल के राजनीतिक जीवन में राजनीति के साथ समाज के कार्यों में सक्रिय रहा, जिसकी वजह से आरएसएस ने मुझे आमंत्रित किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने कहा कि आदिवासियों की समस्या को लेकर सरकारें बहुत गंभीर नहीं रहीं। चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार। जब सरकार के स्तर पर हमारी सुनवाई नहीं होगी, तो हम कहां जाएं। श्री नेताम ने कहा कि आदिवासियों के मुद्दे पर जो मदद करेगा, हम उनके साथ काम करेंगे। आदिवासी समाज के लिए धर्म का मुद्दा बड़ा जटिल है।

संघ और आदिवासी समाज के बीच वैचारिक चर्चा कैसे हो? इस सवाल के जवाब में अरविंद नेताम ने कहा, 5 माह पहले जब संघ प्रमुख मोहन भागवत रायपुर आए थे, तब भी उनके साथ बहुत कुछ चर्चा हुई। उसके बाद मंच पर जितने भी मुद्दे उठाया, संघ प्रमुख ने उनके जवाब दिए। संघ मुख्यालय में धर्मांतरण के अलावा जिन प्रमुख मुद्दों को रखा।

# रमन बोले-ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को किया है एकजुट, ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के समता कालोनी स्थित मैक कालेज आडिटोरियम में कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल विषय पर प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमनसिंह शामिल हुए। अपने उद्बोधन में डॉ. रमन सिंह ने कहा आपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को एकजुट किया है। इससे भारत देश दुनिया में एक मजबूत अर्थव्यवस्था और ताकतवर राष्ट्र के रूप में उभरा है। आज भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के आह्वान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बनी टेक्नोलॉजी, उपकरण और हथियारों में आत्मनिर्भर भारत की झलक है। हमारे इंजीनियर, टेक्निशियन और श्रमिकों का पसीना इस सफलता का आधार है। यह अभियान पूरे देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने वाला है।

**खास बातें**

- प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा
- स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने व्यापारियों को दिलाई शपथ

कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया, वह अभूतपूर्व है। आतंकवाद के खिलाफ देश का यह संकल्प और एकजुटता ही भारत की असली ताकत है। उन्होंने व्यापारियों को शपथ दिलाई तथा यथासंभव स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की असली ताकत है जन-मन का जुड़ाव और जन-भागीदारी। यदि हम सभी अपने जीवन में जहां संभव हो, देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो यह सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी होगी।"

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कैट की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को सफल बनाने के लिए व्यापारी समुदाय से एकजुट होने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन कैट छत्तीसगढ़ के महामंत्री सुरिन्द्र सिंह ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कैट की छत्तीसगढ़ में यात्रा और विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश भर से पधारे सभी व्यापारी प्रतिनिधियों को एकजुटता का परिचय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।




**आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प**

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने, प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रहित में आर्थिक आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया। सम्मेलन में शामिल इकाईया में कैट, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट, जिला इकाइयां बिलासपुर, धमतरी, कांकेर, भाटापारा, मनेन्द्रगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, अभनपुर, तिल्दा, सरायपाली, गरियाबंद, चांपा, जांजगीर नैला, अकलतरा एवं रायपुर के विभिन्न व्यापारिक संगठन सहित व्यापारिगण शामिल हुए।


## स्क्रूटनी का काम पूरा, अब कमेटी तय करेगी नियुक्ति के लिए पात्र कौन

# बिजली नियामक आयोग के दो सदस्यों के लिए 70 दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली नियामक आयोग में अब तक नए टैरिफ पर फैसला नहीं हो सका है, लेकिन अब इसका रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों के रिक्त पदों के लिए थोक में 70 आवेदन आए हैं। इसकी स्क्रूटनी पूरी कर सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। आवेदन 5 मई तक मंगाए गए थे, इसके बाद से अब तक प्रक्रिया ही चल रही है। संभावना है कि इस माह सदस्यों की नियुक्ति हो जाएगी।

इसके बाद इसी माह या फिर अगले माह जनसुनवाई होगी और फिर नए टैरिफ पर फैसला होगा। बीते साल जून से ही नया टैरिफ लागू हो सका था। तब लोकसभा चुनाव के कारण मामला अटका था। इस बार सदस्य न होने के कारण मामला अटका है। यह बात भी तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका जरूर लगेगा। इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों के पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा।



**लीगल और तकनीकी सदस्य की होनी है नियुक्ति :** प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। नए सदस्यों की नियुक्ति के लिए मार्च में कमेटी बनाई गई थी। हाईपॉवर कमेटी में रिटायर जज टीपी शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य सचिव और केंद्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष सदस्य रहेंगे। कमेटी बनने के बाद विज्ञापन जारी कर 5 मई तक आवेदन मंगाए गए। इन आवेदनों की अब स्क्रूटनी कर नाम कमेटी के पास भेजे गए हैं। अब कमेटी बैठक के बाद तय करेगी कि कौन नियुक्ति के लिए पात्र हैं। इसके बाद प्रदेश सरकार का ऊर्जा मंत्रालय आदेश जारी करेगा।

**बिजली का महंगा होना तय**

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा, लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है, लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।

## सामान्य तारीख पर ही जगदलपुर पहुंचेगा मानसून, अभी 43-44 डिग्री तक बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मई के महीने में राहत देने वाली गर्मी जून में अपना हिसाब करेगी। मानसून अपनी सामान्य तारीख यानी 13 जून के आसपास ही जगदलपुर तक पहुंचेगा। तब तक गर्मी अपना बढ़ता असर दिखाएगी और अधिकतम पारा 43-44 डिग्री सेल्सियस डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। अभी मानसून की गतिविधि में पूरी तरह ब्रेक लगा हुआ है, क्योंकि अरब सागर से आने वाली हवा कमजोर है।

- शनिवार को राजधानी रही सबसे गर्म, 41 के पार हुआ तापमान

दंतेवाड़ा से मानसून के आगे बढ़ने की संभावना काफी कम है क्योंकि मानसून को आगे बढ़ाने अभी नया सिस्टम नहीं बन सका है। अभी गर्मी लगातार बढ़ रही है जिसके मानसूनी बारिश का जोरदार असर होने तक 43-44 डिग्री यानी अप्रैल महीने के अधिकतम रिकार्ड तक पहुंचने की उम्मीद है। जून के महीने में पारा चढ़ने के बाद लू जैसे हालात भी बन सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि जगदलपुर में मानसून के पहुंचने की सामान्य तारीख 13 और रायपुर आगमन की तिथि 15 जून निर्धारित है। माना जा रहा है कि इस बार भी मानसून प्रमुख स्टेशनों तक अपनी सामान्य तारीख तक पहुंचेगा। शनिवार को भी प्रदेश में बढ़ती गर्मी ने असर दिखाया और सबसे गर्म रायपुर रहा। दोपहर तेज धूप के साथ वातावरण में मौजूद 60 फीसदी से ज्यादा नमी भी चिपचिपाहट के रूप में अपना असर दिखाती रही।

## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण सरकार का सबसे साहसिक निर्णयः गेंदलाल

**पटेवा।** कोकड़ी सरकारी स्कूल के प्रधानपाठक गेंदलाल कोकड़िया ने कहा कि युक्तियुक्तकरण छग सरकार का अब तक का सबसे बड़ा और साहसिक निर्णय है। आज कोकड़ी गांव जो दो दशक से एक शिक्षकीय था, उसे शिक्षक हेमंत कुमार देवांगन के रूप में मिला, ऐसे न जाने कितने गांवों के लोग खुश होंगे। उसकी कल्पना तो ग्रामीण पालक ही कर सकते हैं। वर्षों से शहरों के स्कूलों में काबिज शिक्षकों को अब गांव के स्कूल वापस आना पड़ा, नेतागिरी नहीं चली। कलेक्टर महासमुंद स्वयं सारी प्रक्रिया के गवाही बनें, पूरी ईमानदारी से नियुक्ति हुई। सभी एक शिक्षकीय विद्यालय में शिक्षक आ गए।

### नितेश बने एमबीबीएस डॉक्टर, लोगों में हर्ष

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम नर्रा (झिटकी) के व्यवसायी उमाराम साहू के सुपुत्र नितेश साहू विदेश में पढ़ाई कर एमबीबीएस डॉक्टर बने। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग के लिए अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दे पाना बहुत ही कठिन है। इसी तरह धीरज / नरेंद्र जैन कोमाखान, पूनम साहू तेंदूकोना इन तीनों ने एक साथ विदेश में रहकर लगन और मेहनत से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर ली है। वे तीनों एक चिकित्सक के रूप में जाने जाएंगे। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताया है।

### भीमसेनी एकादशी पर शरबत वितरण



**तेंदूकोना।** यहां के बस स्टैंड स्थित संतोषी मंदिर परिसर में मंदिर विकास महिला समिति द्वारा शनिवार को भीमसेनी एकादशी के अवसर पर शरबत का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मी से राहगीरों व श्रद्धालुओं को राहत प्रदान करना था। इस दौरान नगर पुरोहित पंडित भागीरथी दुबे, ग्राम सरपंच देवनतीन दीवान, मंदिर विकास महिला समिति अध्यक्ष भारती साहू, शांति अग्रवाल, पुष्पा साहू, गुलापी सिन्हा, परमेश्वरी साहू, मालती, राजेश्वरी, इंदु पंडा आदि उपस्थित रहे।

### राजेश्री के जन्मदिन पर ब्राह्मण फेडरेशन ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास के जन्मदिन के अवसर पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के पदाधिकारी संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा की अगवाई में उनसे भेंटकर शॉल एवं बुके से उनका सम्मान किया गया तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ मार्गदर्शक दशरथ प्रसाद शुक्ला, प्रदेश महासचिव डॉ. सुनील कुमार ओझा, सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत पुरोहित, गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष किशन बाजारी, खड़ानंद मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

### नरसिंह मंडल का संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण और मध्यप्रदेश राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष सतलोकी नरसिंह मंडल की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। यह कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में शनिवार को हुआ। इसी दौरान सुरता कार्यक्रम भी किया गया। इसी दौरान सतनामी समाज के लोगों ने सांस्कृतिक भवन प्रांगण में स्थापित स्व. मंडलजी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी आदरांजलि दी। इस मौके पर प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज के लोगों ने अपने लौहपुरुष के अधूरे सामाजिक उत्थान के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए उनके अनुकरणीय कार्यों को याद कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खण्डे, पूर्व न्यायाधीश एमडी माहिलकर और सुरता कार्यक्रम को डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, एवं डॉ. कल्याण रवि ने भी संबोधित किया।

# किसानों को मिली नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के ग्राम बलौदी में विगत दिनों विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीनतम सरकारी योजनाओं तथा कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नई खेती पद्धतियों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, सिंचाई के नवीन तरीकों और मृदा परीक्षण की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। किसानों को प्रत्यक्ष रूप से अपने अनुभव साझा करने और फीडबैक देने का अवसर भी मिला, जिससे उनकी समस्याओं को समझा गया और समाधान के सुझाव दिए गए।

मुख्य अतिथि नंद वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, चरण दास तेहरवंश पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष,लता बघेल जनपद सदस्य,सरपंच हेतराम कुर्रे, सहकारी समिति बलौदी प्राधिकृत अध्यक्ष चुरामनी साहू , ओमप्रकाश ठाकुर प्राधिकृत अधिकारी सीतापार,सुरेन्द्र वर्मा प्राधिकृत अधिकारी कोसमंदी आदि शामिल थे।

## बलौदी में संपन्न हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान



**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर नरेश कश्यप,संतोष वर्मा,हीरा लाल मनहरे,तिजाउ राम साहू पंचगण जागेश्वर बंजारे,परमेश्वर बंजारे,दीपक साहू,पंचराम बघेल, योगेश गेंडरे कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ पूनेंद्र देव वर्मा डॉ. पंचराम मीरझा सस्य विज्ञान कृषि महाविद्यालय भाटापारा, डॉ. गोपाल पटेल पशु धन विभाग ,वायल रोबर्ट मतस्य निरीक्षक, जी. एन. ताराम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलारी,बी. पी. जावरिया कृषि विकास अधिकारी,बलराम राठौर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बी.के. मंडावी ग्रामीण कृषि विस्तारअधिकारी ,अश्वनी साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सत्य भुवन पैकरा ग्रामीण कृषि विस्तारअधिकारी,अजय साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,मोहित साहू तकनीकी सहायक उद्यान विभाग व बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान, व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# मंडी रोड पर झूल रहे बिजली के तार बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर के प्रमुख और व्यवस्थित मार्गों में शामिल मण्डी रोड पर झूल रहे विद्युत तारों की समस्या से व्यापारी वर्ग में आक्रोश है। वार्ड 13 के अंतर्गत विद्युत पोल क्रमांक 571 से 572 के बीच का मुख्य विद्युत तार अत्यधिक नीचे झुक गया है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय व्यापारियों ने इसे जन-जीवन के लिए गंभीर खतरा बताते हुए संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

विदित हो कि इस समस्या को लेकर व्यापारियों द्वारा पिछले वर्ष 5 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल के कनिष्ठ यंत्री को एक लिखित आवेदन सौंपा गया था, किंतु लगभग छह माह बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। न तो तारों की ऊंचाई को सुधारने का कोई कार्य प्रारंभ हुआ है और न ही विभाग की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई की गई है।इसके पश्चात छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत 21 मई को नगर भवन में कलेक्टर के नाम एक और आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बावजूद विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पोल झूल रहे तारों को ऊंचा नहीं किया गया तो वे विद्युत मण्डल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने मनबोधन



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष का चुनाव नवागांव में हुआ। जिलाध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें धाराशिव एवं रोहासी के बीच प्रभारी मनबोधन टंडन को 83 वोट मिला, तो उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज बघेल को 69 वोट मिले। इस तरह दोनों के बीच कांटे की टक्कर में मनबोधन टंडन 14 वोट से छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। मनबोधन टंडन के निर्वाचित होने पर उनके समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर की। वहीं वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव, कमलेश रजक धमनी, सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद यादव, जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा, वृजभान यदु सहित वन मंडल बलौदाबाजार के अधिकारी कर्मचारियों ने बधाई दी।

# हरिनभट्ठा में मनाया गया चावल उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल उत्सव मनाया जा रहा हैं। इसके तहत ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में भव्य आयोजन के साथ चावल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पद हितग्रहियों को जून, जुलाई एवं अगस्त तीन माह का राशन एकमुश्त वितरण किया गया। इसे पंचायत स्तर पर एक उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद पंचायत सिमगा के सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे द्वारा गुलाल लगाकर एवं श्रीफल तोड़कर किया गया।

विदित हो कि मानसून के दौरान प्रदेश के अधिकांश उचित मूल्य दुकानें ऐसी हैं, जो वर्षाकाल में पहुंचविहीन हो जाती हैं। ऐसे में जून माह में ही इन दुकानों में चावल का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षा काल में भी राशन वितरण की प्रक्रिया निरंतर बनी रहे और किसी भी हितग्राही को असुविधा न हो। वहीं जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने यह भी स्पष्ट किया कि इस वितरण प्रणाली का मूल उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और लाभार्थी को सुविधाजनक और सम्मानजनक तरीके से योजना का लाभ दिलाना है। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा के सरपंच प्रतिनिधि रंजीत सोनवानी, अरुण दिवाकर, ओमप्रकाश मार्कण्डेय, नरेंद्र बंजारे, जिनेंद्र भारत, जमुना बाई, मेला राम, संजय यादव, महेश चतुर्वेदी, टीकाराम महिलाँग, सहित पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

- हितग्राहियों को एकमुश्त तीन माह का चावल वितरित

# सतरूपा दूसरी बार निर्विरोध बनीं आंबा संघ की अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले में आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता संघ का चुनाव प्रांताध्यक्ष पद्मावती साहू सहित प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इसमें सभी की सहमति से सतरूपा धुव को उनकी कार्यप्रणाली तथा सदस्यों के हित में लगातार आवाज उठाने पर दूसरी बार अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुई। इसके साथ ही पंद्रह सदस्यों जिसमें उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतरूपा धुव ने कहा कि यह सब मेरी बहनों का मुझ पर विश्वास है, जिन्होंने दूसरी बार मुझे अध्यक्ष बनाया है। निश्चित ही उनके हक के लिए मैं हमेशा लड़ूंगी और उनके हर सुख दुख में साथ रहुंगी।

# युक्तियुक्तकरण का विरोध कांग्रेस का आज से आंदोलन

**भाटापारा।** कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के युक्तियुक्तकरण निर्णय को शिक्षकों और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी को बढ़ावा मिलेगा, शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। लगभग 10463 स्कूलों में तालाबंदी हो जाएगी और लगभग 45000 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। साथ ही साथ प्रत्येक स्कूल के स्वीपर, रसोइया सहित महिला स्व सहायता समूह भी मध्यान भोजन के कार्य से वंचित हो जाएंगे, इस नीति से महिला शिक्षकों को अपने निवास स्थान से दूरस्थ पदस्थ किया जायेगा, पति और पत्नी को अलग अलग स्थान पर स्थानांतरण करने की साजिश रची जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियमों की अवहेलना कर काउंसिलिंग में जल्दीबाजी करना शिक्षकों के साथ अन्याय है और शिक्षा क्षेत्र को कमजोर करने का कुटिल षड्यंत्र प्रतीत होता है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय 58 हजार हजार शिक्षकों की रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने का वादा किया था, उस वादा को पूरा नहीं कर पा रही है,जबकि वर्तमान नीति से शिक्षकों के पद ही समाप्त हो जाएंगे ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और जिला कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी 9 से 11 जून के मध्य इस तुगलकी फरमान के खिलाफ पूरे जिले के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेगी। शिक्षकों और छात्रों के हित में कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है।

## बेलसोंडा एक्सीडेंट मामले में मृतक युवक-युवती की शिनाख्ती हुई

**महासमुंद।** बेलसोंडा रेलवे फाटक के पास हाईवा की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत के मामले में मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है। कोतवाली थाने में मामले को लेकर रिपोर्ट लिखाते हुए प्रार्थी बुधारूराम जांगडे निवासी ग्राम भाठापारा गुल्लू थाना आरंग जिला रायपुर ने बताया कि 7 जून की शाम करीबन 4.30 बजे उसके दामाद दिनेश डहरिया ने फोन पर बताया कि तुम्हारे बेटे पिनेश एवं पीछे बैठी साहिबा टंडन पिता कमल नारायण टंडन ग्राम अछरीडीह नयापारा थाना तुमगांव का ग्राम बेलसोंडा रेलवे फाटक के पास एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद वह अपनी मोटर सायकल में घटना स्थल ग्राम बेलसोंडा रेलवे फाटक के पास आया तो देखा कि एक हाईवा द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलएन 1350 को ठोकर मारने से मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ था व हाईवा रोड किनारे खड़ा था। डायल 112 के पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद थे, जिन्होंने घायलों को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाना बताया। जिला अस्पताल में जाकर देखा तो उसका बेटा पिनेश जांगडे मरचूरी में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था एवं साहिबा टंडन की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

**देवरी में पंजीयन शिविर 10 कोःधमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण शुरू किया जाना है। प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं के चयन के लिए ग्राम पंचायत देवरी में 10 जून को शिविर आयोजित किया जाएगा।

## पेज 09 के शेष

### राज्य स्तर पर...

उसे संतुलित करने का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी परिस्थिति में न्यूनता वाले स्थान से आधिक्य वाले स्थान में स्थानातंरण नहीं किया जाएगा, ताकि संतुलन बना रहे एवं कमी वाले क्षेत्रों में पदों की पूर्ति हो सके। 1 जून की स्थिति में एक साल से कम अवधि में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा।जिला कैडर के कर्मचारियों का स्थानांतरण जिले के भीतर एवं संभाग कैडर के कर्मचारियों का स्थानांतरण संभाग के अंतर्गत ही संभव होगा। राज्य स्तर पर स्थानांतरण प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के मामलों में उनके संवर्ग में कार्यरत अधिकारियों की कुल संख्या के अधिकतम 15 प्रतिशत तथा तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के मामलो में अधिकतम 5 प्रतिशत तक स्थानांतरण किये जा सकेंगे। परस्पर सहमति से स्वयं के व्यय पर किये गए स्थानातरणों की गणना ऊपर वर्णित सीमा हेतु नहीं की जाएगी। विभागीय सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण आदेश पूर्व परीक्षण आधारित हो और उनका क्रियान्वयन 14 जून तक सुनिश्चित किया जाएगा। 5 जुलाई को विभागाध्यक्ष स्थानांतरण आदेश के अनुरूप एकतरफा भारमुक्त करेंगे। स्थानांतरण पश्चात नवीन पदस्थापना स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में ड्राइविंग...

अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 6 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जब्त किए गए। उक्त जब्त सभी 6 वाहनोंको न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख़्ती से लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

### गाली-गलौज कर...

कर हत्या करने की नीयत से प्रार्थी के सिर में शराब की बोतल से वार कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया। इस प्रकरण में दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## क्षेत्र में धर्म प्रचार और नशा मुक्ति की जगाई जा रही अलख

# ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंचा हिरमी, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी- रावन



शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ज्योति कलश रथयात्रा रविवार को हिरमी, सकलोर, मोहरा, भटभेरा पहुंची। जहां रथ के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा जलाई गई अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष पूरे होने पर होने वाले भव्य आयोजन का निमंत्रण देने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। ज्योति कलश रथयात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, साधना और सेवा का प्रकाश फैलाना है, जो मानवता को जगाने और हृदयों को संवेदनशील बनाने का प्रयास है। ज्योति कलश रथयात्रा कई गांवों में पहुंचने पर श्रद्धालु ग्रामीण जनता ने दिव्य ज्योति कलश की पूजा अर्चना की। शांतिकुंज हरिद्वार से निकली दिव्य ज्योति कलश रथयात्रा रविवार को दोपहर 2.30 बजे हिरमी पहुंची। यहां मुख्य चौराहे पर लोगों ने यात्रा दल के सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

हिरमी में यात्रा पैदल घूमी। रथयात्रा दल के आनंद बघमार ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हरिद्वार में स्थापित अखंड ज्योति को अगले साल 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह रथयात्रा निकाली जा रही है, जिसके माध्यम से समाज व राष्ट्र निर्माण का संदेश देते हुए धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और नशा मुक्ति की अलख जगाई जा रही है।

यात्रा का स्वागत करने वालों में प्रेमलाल सिन्हा, जगदीश साहू, छन्नूलाल, दिलेश्वर मढरिया, विद्याभूषण, भगवती पटेल, पुजारी श्यामसुंदर, सोनू फेकर, रामायण धीवर, विशाल सिन्हा, सरस्वती फेकर, रेखाकृष्णा वर्मा उपसरपंच कुथरौद, साधना समेत गायत्री परिवार एवं धर्म प्रेमी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सामाजिक पदाधिकारी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सामाजिक मामले का निराकरण करने के लिए गए एक पदाधिकारी के साथ मारपीट की घटना हो गई। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी शिवचरण ध्रुव पिता गोविंद ध्रुव ग्राम अरंड ने बताया कि वह 7 जून को सामाजिक निराकरण के लिए लाखन ध्रुव पिता देवनारायण ध्रुव के घर सामाजिक पदाधिकारी होने के नाते गया हुआ था। उसी बीच आरोपी भागवत ध्रुव पिता रैनसिंह ध्रुव निवासी ग्राम अरंड द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए फावड़े से उस पर जानलेवा हमला किया गया। जिसे बीच बचाव करते हुए हाथों एवं कलाई में गंभीर चोटें आई है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वकील को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** वकील से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अब्दुल कादिर जिलानी निवासी बागबाहरा ने बताया कि वह वकालत का काम करता है। 7 जून की शाम पुरानी बात को लेकर आरोपी मकसूद कुरैशी पिता महमूद कुरैशी निवासी फुलवारी पारा बागबाहरा ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम छिबर्रा में एक व्यक्ति द्वारा महिला को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पिथौरा पुलिस को खिलेश्वरी रात्रे पिता स्व. रघुनाथ रात्रे, (27 वर्ष), निवासी ग्राम छिबर्रा ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2016 में नंदलाल पिता कुंजराम अजगले, निवासी- फिरगी से सामाजिक रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह के पश्चात उसके साथ लगातार मारपीट, गाली-गलौज एवं मानसिक प्रताड़ना की जाती रही, जिससे तंग आकर उसने वैधानिक प्रक्रिया के तहत 23/03/2021 को उक्त व्यक्ति से विधिवत तलाक ले लिया। तलाक के पश्चात भी 7 जून की दोपहर लगभग 1 बजे आरोपी नंदलाल अन्य दो व्यक्ति के साथ कार क्र. सीजी 22 ए 8758 से उसके घर आया और नंदलाल ने उसे मानसिक रूप से परेशान कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## निधन

### विद्यादेवी



**बलौदाबाजार।** विद्यादेवी पति कन्हैया लाल आरतानी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में लीन हो गई। वह गिरधारीलाल आरतानी की भाभी, मनोहर, मुरली, वेद, अनिल की बुआ एवं राजेश, सुनील के माता थीं, उनका अंतिम यात्रा 9 जून को निवास स्थान रामसागर तालाब के पास से रायपुर रोड मुक्तिधाम में की जाएगी।

### भूपेंद्र नाथ वर्मा



बलौदाबाजार। ग्राम पुरान के मालगुजार भूपेंद्र नाथ वर्मा का शनिवार को निधन हो गया है। वे सुभाष शरद और सतीश वर्मा के पिता एवं धीरेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, देवेंद्र वर्मा एवं स्व. अरविंद वर्मा के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया।

### वेदमति चक्रधारी



**घोटिया (पलारी)।** दतरेंगी निवासी 92 वर्षीय वेदमति चक्रधारी का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। वे डेरहा राम, रामु सिंह, रामसप्ताह, सन्तोष कुमार और कान्तु राम चक्रधारी की माता एवं योगेश, नीरज, छवि, महेंद्र, पप्पु, रवि की दादी थीं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर देवसुंद्रा में लगाए गए पौधे...

**पलारी-देवसुंद्रा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर देवसुंद्रा के पर्यावरण प्रेमियों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। रचनाकार संतश्री दशरथ साहेब ने कहा कि प्रकृति से न टकराना-पांच पौधा जरूर लगाना। उनका यह संदेश प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाला है। उन्होंने अपनी कविता में कहा कि कर्म हमारा धर्म हमारा, पर्यावरण बचाएंगे, धरती माता पर्यावरण को और बढ़ायेंगे। धरती माता पर्यावरण की अदभूत है कहानी, पेड़ पौधों से जुड़ा हुआ है जीवन चक्र जिंनगानी। पौधारोपण के मौके पर मेघा साहू, तोमेश साहू आदि मौजूद थे।







## जागरूकता अभियान : पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए पौधारोपण वृक्ष मित्र सम्मानित हुए

# पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी के महामाया मंदिर में 8 जून को भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए पौधारोपण वृक्ष मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन लाल वर्मा थे। अध्यक्षता भारत माता सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष टेसुलाल धुरंधर ने किया। विशिष्ट अतिथि ईशान वैष्णव सभापति जिला पंचायत बलौदाबाजार, त्रिलोक यादव जनपद पंचायत सभापति, प्रतिनिधि सरपंच कविता ध्रुव, आर आर साहू सेवानिवृत शिक्षक थे। कार्यक्रम संयोजक डमरूधर वर्मा रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों को पौधा एवं भारत माता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पौधा लगाने वाले रामकुमार यादव का शाल श्रीफल एवं भारत माता का छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरण एवं वृक्ष पर आधारित गीत तुलेश्वरी धुरंधर ने प्रस्तुत किया। मुक्तिधाम में नीम, कहुआ, महुआ, इमली, शीशम, जामुन के वृक्ष सहित 20 से अधिक पौधा का रोपण किया गया। मंच संचालन गंगा प्रसाद यदु और आभार सरपंच कविता ध्रुव ने की।




मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि डोमन वर्मा ने कहा कि भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा अर्जुनी में पौधारोपण का कार्य सबसे बड़ी उपलब्धि है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने के साथ देखभाल की आवश्यकता है। पौधा लगाने से वातावरण संतुलित होगा। भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसू लाल धुरंधर ने कहा कि हमारे देश में नित्य प्रतिदिन पर्यावरण पर ध्यान देने की परंपरा रही है। अर्जुनी में सवा 200 पेड़ लगाने की योजना ट्री गार्ड सहित है।

भारत में वन मानक के अनुसार 33 प्रतिशत वन होना चाहिए, लेकिन 25 प्रतिशत भूमि पर ही वन है व 8 प्रतिशत में वन लगाने की आवश्यकता है। हरे भरे वृक्षों की कटाई नहीं करना चाहिए। लोग पेड़ काटते हैं, लेकिन लगाते नहीं है। गिलहरी की तरह प्रयास कर एक-एक पेड़ की सुरक्षा करने के साथ-साथ संकल्पित रहने की आवश्यकता है। जिला पंचायत सभापति इंदू जांगड़े ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने के साथ संरक्षण करना है और अधिक से अधिक पौधारोपण करने कहा गया। इस अवसर पर नीरज परगनिहा, राजकुमार बंजारे, बंसीलाल वर्मा, कुशल वर्मा, चित्ररेखा साहू, हरिप्रसाद वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, प्रेमचंद वर्मा, शंकर, रजक, सुखराम ध्रुव, तुलाराम वर्मा, भगेला ध्रुव, प्रमोद जैन, जवाहरलाल वर्मा, टिकेश्वर सेन, प्रेम साहू, बिंदा, भसगौरी, चंद्रौतिन साहू, संजय रजक, तुलेश्वरी धुरंधर, रेखा रजक, राधेश्याम साहू, निपुण ध्रुव, टुम्मन वर्मा, संतोष वर्मा, मोहित रजक, सुषमा साहू सहित प्रोफेसर व भारत माता सेवा ट्रस्ट के सदस्य तथा पंचगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बिलारी व गिरौदपुरी में स्वास्थ्य गुणवत्ता पर जोर पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**कसडोल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड के अंतर्गत उपस्वस्थ्य केंद्र गिरौदपुरी में **NQAS (National Quality Assurance Standards)** का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों का वर्चुअल मूल्यांकन के माध्यम से गुणवत्ता का परीक्षण किया गया एवं खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। बुधवार को उपस्वस्थ्य केंद्र बिलारी का भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का 'वर्चुअल मूल्यांकन' किया गया। विदित हो कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (**NQAS**) लागू किया है। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा स्थापित एक व्यापक संरचना है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और उसे बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. रविशंकर अजगले, हर्षलता जायसवाल, मनोज मिश्रा, हेमन्त सिन्हा, पारश साहू, रवि सेन, हरदयाल पटेल, वीरेंद्र यादव, ओम जायसवाल, ज्योतिकिरण केवट, गौरी केवट, दिनेश पटेल, सीखा चन्द्राकर, सीमा साहू, नीलम पटेल, अजनी चौहान, अनिता साहू, राधिका पैकरा, अशोक साहू, गंगा साहू, अशोक कुमार साहू, भास्कर वर्मा सहित मितानिन मौजूद रहें।

# धोबी समाज ने जिला स्तरीय बैठक में लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

धोबी समाज जिला जिला स्तरीय बैठक सामुदायिक भवन में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक द्वारा की गई। बैठक में सामाजिक पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता पर जोर दिया गया। वहीं 11 जून को भाटापारा में नेहरू वार्ड बड़े बजरंगबली मंदिर धर्मशाला में होने वाले प्रदेश स्तरीय बैठक के संबंध में चर्चा की गई। प्रदेश स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों को उपस्थित होने की अपील की गई। जिला स्तरीय बैठक में जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक रजककार, विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे, प्रदेश संरक्षक झड़ी राम कनौजे, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर, आईटीसेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, जिला सचिव मनोज निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष नीलमणि चौधरी, जिला संरक्षक शंकर रजक, नोहर निर्मलकर, जिला सलाहकार नारायण निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कनौजे, जिला ऑडिटर धनीराम निर्मलकर, जिला प्रवक्ता अरुण कन्नौजे, तरंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक, ईश्वर प्रसाद रजक, मुनीश निर्मलकर, जीवन कन्नौजे, शिवकुमार रजक, जगदीश कनौजे, चेतन कन्नौजे, दिलीप कन्नौजे, कमल निर्मलकर, सुखराम निर्मलकर, फेकू राम रजक, सोमनाथ रजक, मोहनलाल भारत, भूषण सोहन, निर्मलकर एवं रामकुमार कनौजे सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सर्व आदिवासी समाज युवा कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष बने संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई के युवा कार्यकारणी का गठन गोंडवाना भवन बलौदाबाजार में हुआ। बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज द्वारा सर्वसम्मति से युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिसमें कुकुरदी निवासी संतोष ध्रुव टिकेश्वर को समाज द्वारा सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष ध्रुव ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है, उसे ईमानदारी से निर्वहन करते हुये खरा उतरने का प्रयास करूंगा।



इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुववंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव, महिला प्रभाग जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, राज कुमार छेदेहा, ब्लॉक सिमगा से जिला मिडिया प्रभारी दामेश मंडावी, ब्लॉक भाटापारा उपाध्यक्ष शिव मंगल सिंह ठाकुर, पूर्व सैनिक पंचराम ध्रुव,ब्लॉक सहसचिव पलारी मुन्नालाल ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष अजय ध्रुव,ब्लॉक बलौदाबाजार संजीव ध्रुव, संतोष ध्रुव ब्लॉक कसडोल संरक्षक सुद्धू सिंह जगत, रामकुमार जगत, नैन सिंह नेताम, विजेंद्र सिंह पालेश्वर, भारत लाल दीवान, जागेश्वर ठाकुर, ओंकार शाह, शंकर बिंझवार लवन तहसील से भोज राम ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन थानू ध्रुव जिला सचिव द्वारा किया आभार प्रकट भानु ध्रुव ने किया।

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट

महासमुंद। खेत में जेसीबी से मिट्टी गिराने का काम करा रही एक महिला और उसके बेटे के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पिथौरा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थिया लक्ष्मी विशाल निवासी ग्राम गिरना ने बताया कि 7 जून की सुबह वह अपने खेत में जेसीबी ट्रैक्टर से काम करा रही थी। शाम करीबन 5-6 बजे के बीच ग्राम डुमरपाली के पुष्पाबाई पटेल, देवमोती पटेल एवं उसके परिवार के अन्य एक महिला आए और हमारे खेत में मिट्टी क्यों गिरा रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा। उसके बाद उनके परिवार के जयलाल पटेल, बिहारीलाल पटेल, जितेंद्र पटेल एवं चैतराम नायक ने आकर महिला और उसके बेटे दिलेश विशाल के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। जिसे दिलेश विशाल बेहोश होकर वहीं खेत में गिर गया और महिला डरकर वहां से भाग गई। इसके बाद जयलाल पटेल, बिहारीलाल पटेल, जितेंद्र पटेल एवं चैतराम नायक दिलेश को उठाकर अपने घर ले गए और उसके बाद थाना लेकर आ गये। मामले में महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 190, 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# घने बादल छाए पर नहीं हुई बारिश, चल रही गर्म हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

क्षेत्र में इन दिनों तेज गर्मी और उमस ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित है। रविवार की शाम अचानक मौसम में बदलाव आया और आसमान पर काले बादलों ने डेरा डाल दिया। लोगों को उम्मीद जगी कि अब बारिश होकर गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन काफी देर तक बादल मंडराने के बावजूद एक बूंद भी बारिश नहीं हुई। इससे लोगों को निराशा हाथ लगी।

ग्राम मोहरा, हिरमी, भालुकोना, मुड़वाडीह सहित आसपास के गांवों में रविवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव शुरू हुआ। हवाएं चलने लगीं और आसमान पर घने काले बादल छा गए। लोग गर्मी से राहत की उम्मीद में छतों पर चढ़कर बादलों को निहारते रहे, लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। न तो बारिश हुई और न ही हवा में ठंडक आई। गर्म हवा और उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। खासतौर पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अत्यधिक गर्मी के कारण काफी परेशानी हो रही है। बिजली की बार-बार कटौती ने हालात को और कठिन बना दिया है। किसानों को भी बारिश की उम्मीद थी, ताकि वे खेतों में जुताई का कार्य शुरू कर सकें, लेकिन आसमान की बेरुखी ने उनकी योजनाओं पर पानी फेर दिया। रविवार को लगभग शाम 5 बजे के आसपास बादल पूरी तरह छा गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कुछ ही देर में मूसलाधार बारिश होगी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, बादल बगैर बरसे ही छंटते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति पहले भी कई बार देखी गई है जब बादल उमड़ते-घुमड़ते हैं, लेकिन बारिश नहीं होती।



## सिख समाज ने बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभावान छात्रों के लिए आयोजित किया कार्यक्रम

# प्रदेश स्तरीय प्रतिभावान छात्रों में लोकराज सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

सिख समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को रायपुर के मैक ऑडिटोरियम, समता कॉलोनी में हुआ। इस कार्यक्रम में सिक्ख समाज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया।

इस अवसर पर बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के प्रतिभाशाली छात्र श्लोकराज चावला को मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा, सिक्ख समाज अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा एवं संयोजक सुरेंद्र सिंह छाबड़ा द्वारा सम्मानित किया गया। श्लोकराज ने कक्षा 10वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को गौरवान्वित किया है।



श्लोकराज बलौदा बाजार के प्रतिष्ठित परिवार से है, श्लोकराज की इस उपलब्धि पर दादा कुलदीप सिंह चावला, बड़े पापा अधिवक्ता संतोष सिंह, पत्रकार दलजीत सिंह चावला एवं पापा मनजीत सिंह सहित पूरे परिवार एवं सिक्ख समाज बलौदाबाजार ने हर्ष व्यक्त किया।समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज प्रमुख पदाधिकारी तेजिन्द्र सिंह होरा, डॉ. रीना टूटेजा, भूपेन्द्र सिंह मकड़, अनु होरा आदि की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए अभिभावकों एवं सिक्ख साज संगत की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

